प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पन्तनगर विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों हेतु बीआईएस तकनीकी व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया

पंतनगर। 13 नवम्बर 2024। पंतनगर विश्वविद्यालय में अंतिम वर्ष के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. विद्यार्थियों हेतु भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) के तकनीकी व्याख्यान सत्र गांधी हाल में आयोजित किये गये। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्थापना सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया। बी.आई.एस. मानकीकरण अध्यक्ष प्रोफेसर डा. एस.बी. सिंह ने बताया कि बीआईएस के संयुक्त निदेशक श्री मोहम्मद आक़िब द्वारा बेसिक कॉन्सेप्ट ऑफ स्टैण्डर्डराइजेशन, वर्ल्ड आफ इंडियन स्टैण्डर्डस, इंटरनेशनल स्टैण्डर्डराइजेशन तथा कॉन्फर्मिटी असेसमेंट एंड लैबोरेट्री ऑपरेशन्स विषयों पर प्रातः 9:00 से सायं 5:00 बजे तक चार तकनीकी व्याख्यान सत्र आयोजित किए गए। यह तकनीकी व्याख्यान सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यधिक उपयोगी और ज्ञानवर्धक थे।

तकनीकी व्याख्यान सत्र डा. जे.पी. जायसवाल, निदेशक संचार; डा. आशुतोष मिश्रा, प्राध्यापक, एक्वेटिक इन्वायरमेंट मैनेजमेंट; डा. ए.के. घोष, प्राध्यापक, पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन; डा. राजीव कुमार, प्राध्यापक, एग्रोनॉमी; डा. बी.आर. सिंह, प्राध्यापक एमबीजीई; डा. सुबीर कुमार शर्मा, सहायक प्रध्यापक, सिविल इंजीनियरिंग; डा. साक्षी, सहायक प्राध्यापक, क्लोदिंग एंड टैक्टाइल; डा. अमित प्रसाद, सहायक प्राध्यापक, वेटनेरी मेडिसिन; तथा डा. नीतु डोभाल, सहायक प्राध्यापक खाद्य एवं पोषण के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। तकनीकी व्याख्यान सत्रों में शामिल शिक्षकगणों ने इन सत्रों की भूरी–भूरी सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते श्री मोहम्मद आक़िब।

निदेशक संचार